प्रदेश के पहले डिजिटल आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन

drishtiias.com/hindi/printpdf/state-s-first-digital-anganwadi-center

चर्चा में क्यों?

8 अक्टूबर, 2021 को **उत्तराखंड की महिला अधिकारिता और बाल विकास (WECD) मंत्री रेखा आर्य** ने देहरादून के झाझरा में **राज्य के पहले डिजिटल आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन** किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर रेखा आर्य ने कहा कि **राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020** और **'डिजिटल इंडिया मिशन'** के तहत यह **'डिजिटल आंगनबाड़ी केंद्र'** शुरू किया गया है और राज्य भर में अधिक केंद्रों को डिजिटल और स्मार्ट बनाया जाएगा।
- शुरुआती चरण में सरकार ने **देहरादून के झजरा और विकासनगर में दो डिजिटल आंगनबाड़ी केंद्र** स्थापित किये हैं।
- आर्य के अनुसार, राज्य सरकार ने देहरादून में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में डिजिटल आंगनबाड़ी केंद्र की शुरुआत की है, विभाग का लक्ष्य सभी ज़िलों में सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को डिजिटल केंद्रों में विकसित करना है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में, जिसके लिये जल्द ही केंद्र सरकार को एक प्रस्ताव भेजा जाएगा।
- उन्होंने यह भी बताया कि इस डिजिटल आंगनबाड़ी केंद्र को चलाने के लिये सॉफ्टवेयर को इस तरह से तैयार किया गया है, जिसका उपयोग आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता आसानी से कर सकें।
- उन्होंने कहा कि बच्चों के लिये स्मार्ट कक्षाएँ संचालित की जाएंगी और छात्रों से वर्चुअली भी जुड़ने की समुचित व्यवस्था की गई है। ऐसे केंद्रों में छात्रों को कंप्यूटर शिक्षा भी प्रदान की जाएगी।
- डब्ल्यूईसीडी सचिव एच.सी. सेमवाल ने बताया कि इन केंद्रों के कार्यकर्त्ताओं को मुंबई के प्रशिक्षकों द्वारा केंद्रों को ठीक से संचालित करने के लिये प्रशिक्षित किया गया है। आंगनबाड़ी केंद्रों को डिजिटल रूप से बढ़ाने के अलावा, केंद्रों को इस तरह से सजाया गया है, जो अधिक बच्चों के अनुकूल है और सीखने को बढ़ावा देता है।